महत्वपूर्ण एवं खास

अज्ञात लड़कों ने अकारण दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। वरूण जैन आयु 32 वर्ष पिता राजेंद्र बुथा निवासी गुरुकुल काम्प्लेक्स कालीबाड़ी के साथ अज्ञात तीन-चार लड़कों द्वारा अकारण गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। उक्त मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाना ने आईपीसी की धारा 294, 506, 323 एवं 34 के तहत मामला दर्ज कर अपराध कायम किया है।

राज्य साक्षरता मिशन की महिला कर्मियों को मिली से हुई गाली गलौज, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शासकीय कार्यालयों में जाकर हंगामा कर काम नहीं होने पर गुंडागर्दी करने की घटनाएं आए दिन होती रहती है। इसी कड़ी में माध्यमिक शिक्षामंडल कार्यालय परिसर स्थित राज्य साक्षरता मिशन में कार्यरत महिला कर्मी श्रीमती विभा मिश्रा 32 वर्ष पति आकाश कुमार मिश्रा के साथ श्रीमती शीतल वर्मा पति छबीराम वर्मा निवासी मठपुरैना टिकरापारा द्वारा अकारण कार्यालय में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। उक्त मामले में महिला आरोपी श्रीमती शीतल वर्मा के खिलाफ कोतवाली थाने ने आईपीसी की धारा 186 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। स्व.श्रीमती पिंकी साहू पति दानेश्वर साहू आयु 23 वर्ष निवासी ग्राम सुंदरकेरा गोबरानवापारा की अज्ञात आरोपी ने गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। गोबरा नवापारा थाना से मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की जानकारी पीएम रिपोर्ट मिलने पर ज्ञात हुआ कि मृतिका के शरीर में गंभीर हथियार से चोट पहुंचाई गई जिसके चलते सिर में एवं शरीर के मुख्य हिस्सों में हड्डियों में फ्रेक्चर पाया जाना अंकित किया गया है।

राज्यपाल ने नेकिन बाई के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उईके ने श्रीमती नेकिन बाई के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। श्रीमती नेकिन बाई महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया की माता है। राज्यपाल ने स्वर्गीय नेकिन बाई के शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने किया विवादों के निराकरण की विशेष पहल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा वक्फ संपत्ति हजरत फतेहशाह मजार व मस्जिद ट्रस्ट की लगभग 14 दुकानों का नवीन किराया अनुबंध व नवीन किराया निर्धारण कर किराएदारी से सम्बंधित विवाद के निराकरण की विशेष पहल की गई।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात ने एटीएम से 1 लाख 2 हजार रुपये की राशि की धोखाधड़ी

रायपुर (आरएनएस)। एटीएम का क्लोन बनाकर शहर में धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों की संख्या में पिछले कुछ समय से लगातार इजाफा हो रहा है। खम्हारडीह थाना से मिली जानकारी के अनुसार देवेंद्र प्रताप सिंह 35 पिता देवराज सिंह निवासी डी -3 कचना खम्हारडीह ने 6-7 फरवरी के दरम्यान उनके एसबीआई के एटीएम कार्ड का फर्जी क्लोन बनाकर दो बार 40 हजार रुपये की राशि का आहरण कर उनके साथ धोखाधड़ी की है। उक्त मामले में खम्हारडीह थाना ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में खूबचंद लहरे 62 वर्ष पिता विश्राम लहरे निवासी एसडीओपीडब्ल्यूडी कार्यालय तिल्दा-नेवरा ने नेवरा थाने में अज्ञात मोबाइल फोन धारक क्रमांक 96310 53612 द्वारा उनका एटीएम कार्ड ब्लाक होना बताकर आधार नंबर पूछकर उनके खाते से ऑनलाइन 62 हजार रुपये की राशि निकालकर धोखाधड़ी की है।

मुख्यमंत्री के साथ अधिकारियों का दल देर रात अमेरिका प्रवास के लिए हुआ रवाना

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बीती देर रात में अमेरिका प्रवास के लिए रवाना हो गये हैं। उनके साथ प्रदेश के मुख्य सचिव आरपी मंडल सहित अन्य अधिकारियों का दल भी है।

अपने निर्धारित दौरे के दौरा बघेल देर रात में दिल्ली से सेन फ्रांसिस्कों के लिए रवाना हुए। श्री बघेल आज सेन फ्रांसिस्को पहुंचने के बाद यहां भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित हाई टी कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा 'बे एरिया' के निवेशकों के साथ रात्रि भोज में शामिल होंगे। अगले दिन 12 फरवरी को वे सेनफ्रांसिस्को में रेड वुड सोर्स के आटोग्रिड में एक चर्चा में हिस्सा लेंगे तथा इसके बाद स्थल निरीक्षण एवं एक अन्य चर्चा के लिए सनीवेल स्थित इक्वीनॉक्स जाएंगे और टाई सिलिकॉन वैली में निवेशकों के साथ चर्चा करेंगे। बघेल 13 फरवरी को मीडिया के साथ चर्चा करेंगे और विमान द्वारा सेनफ्रांसिस्कों से बोस्टन के लिए रात्रि 8.45 बजे रवाना होंगे। वे 14 फरवरी को सुबह 5.18 बोस्टन पहुंचेंगे और दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पीटिटीवनेस के साथ बैठक में शामिल होंगे। अगले दिन 15 फरवरी को दोपहर 12.45 बजे कैम्ब्रिज स्थित हावर्ड यूनिवर्सिटी में पहुंचेंगे और वहां दोपहर 1.05 बजे से 1.50 तक इंडिया कांफ्रेंस में प्रजातांत्रिक भारत में जाति और राजनीति विषय पर अपने विचार रखेंगे। इसके पश्चात वे शाम 6.30 बजे हावर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा उनके स्वागत में होटल चार्ल्स में आयोजित भोज में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 16 फरवरी को नोबेल पुरस्कार प्राप्त अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी से सुबह 9 बजे एम.आई.टी. में मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1.40 बजे ट्रेन द्वारा न्यूयार्क के लिए रवाना होंगे। अगले दिन 17 फरवरी को सुबह 10 बजे वे संयुक्त राष्ट्र संघ के जनरल एसेम्बली जाएंगे और दोपहर 12.15 बजे से दोहपर 2.30 बजे तक वहां राजदूत तथा अन्य राजनायिकों से मुलाकात कर संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यप्रणाली पर भारत के स्थायी मिशन में चर्चा करेंगे। श्री बघेल शाम 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक एन.ए.सी.एच.ए. कम्यूनिटी के साथ चर्चा में शामिल होंगे। बघेल 18 फरवरी को न्यूयार्क स्थित वाणिज्य दूतावास में दोपहर 12.30 बजे बिजनेस और इनवेस्टमेंट राउंड टेबल में शामिल होंगे।

शिवम हास्पिटल मेडिकल स्टोर कर्मी ने 36 लाख 36 हजार 2 सौ 57 रुपये किया गबन

रायपुर (आरएनएस)। मेडिकल स्टोर्स में काम करने वाले कर्मचारी भी संचालकों की अनदेखी का लाभ उठाकर मौका मिलने पर बड़ी राशि का गबन करने में नहीं चुकते।

इसी कड़ी में कुशालपुर स्थित शिवम हास्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. नवीन सिंह उनके अस्पताल में स्थित मेडिकल स्टोर में कार्यरत कर्मी ईश्वर चेलक पिता पूनाराम चेलक निवासी पुरैना न्यू राजेंद्र नगर के खिलाफ उनके मेडिकल स्टोर से 36 लाख 36 हजार 2 सौ 57 रुपये की राशि का गबन कर फरार होने की रिपोर्ट पुरानीबस्ती थाने में दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार

कारगिल चौक सुंदर नगर निवासी डॉ. नवीन सिंह ने घटना का विस्तृत विवरण पुरानी बस्ती में लिखाई एफआईआर में देते हुए बताया कि उक्त कर्मी ने उनके विश्वास का लाभ उठाकर उक्त धोखाधड़ी की है। आरोपी फरार है। इस मामले में पुरानी बस्ती थाने ने आईपीसी की धारा 408 के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी हैं।

रायपुर। राज्यपाल अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ एवं ओड़िसा सब एरिया के कमाण्डर ब्रिगेडियर पी. चौहान ने सौजन्य मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने नेकिन बाई नायक के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया की माता श्रीमती नेकिन बाई नायक के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। बघेल ने ईश्वर से स्वर्गीय नेकिन बाई नायक के शोकसंतप्त परिवारजनों को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा विवादों के निराकरण की विशेष पहल

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा वक्फ संपत्ति हजरत फतेहशाह मजार व मस्जिद ट्रस्ट की लगभग 14 दुकानों का नवीन किराया अनुबंध व नवीन किराया निर्धारण कर किराएदारी से सम्बंधित विवाद के निराकरण की विशेष पहल की गई।

ज्ञातव्य हो कि पिछले 14 सालों से इस वक्फ संपत्ति से संबंधित विवाद चल रहा था। जिसके निराकरण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के चेयरमैन श्री सलाम रिजवी ने स्वयं पहल की और किरायेदारों से चर्चा कर विवाद के निराकरण के लिए ऑब्जर्वर दल का गठन किया। आब्जर्वर दल ने विवाद के

निराकरण के लिए निरंतर 4 माह से कार्यवाही की जिसका परिणाम आज छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड को मिल रहा है।

इससे वक्फ संपत्ति की आय में वृद्धि हो रही है और वक्फ संपत्ति की जर्जर स्थिति में सुधार किया जायेगा। वक्फ बोर्ड द्वारा इस वक्फ संपत्ति पर मेन रोड पर स्थित दुकानों का पांच हजार रूपये और पीछे की ओर स्थित दुकानों का दो हजार रूपये प्रतिमाह की दर से नवीन किराया अनुबंध किया जा रहा है।

टपरवेयर ने भिलाई में शुरू किया अपना पहला एक्सक्लूसिव ब्रांड ऑउटलेट

भिलाई (आरएनएस)। अमेरिका के ओरलैंडो से शुरू हुए वैश्विक प्रीमियम होमवेयर ब्रांड टपरवेयर ने अपने व्यापार का छत्तीसगढ़ में विस्तार करते हुए भिलाई में अपने पहले विशेष ब्रांड आउटलेट को शुरू किया। इस लॉन्च के साथ देश भर में टपरवेयर के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स की संख्या 49 के उल्लेखनीय आंकड़े तक पहुंच गई है।

टपरवेयर ने ग्राहकों की अव्यक्त मांग को पूरा करने के लिए डायरेक्ट सेलिंग ब्रांड से बिक्री के कई चैनलों वाले ब्रांड बनने के अपने निर्णय के तहत इस नए आउटलेट को शुरू किया है। एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट लॉन्च करने के अलावा, टपरवेयर इंडिया ने अगस्त 2019 में ई-टेल बाजार में भी प्रवेश किया और अपने उत्पादों को अमेजॅन, फ्लिपकार्ट और पेटीएम जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध करवाना शुरू किया है।

दर्शाते हैं टपरवेयर बदलते सामाजिक परिवेश और उपभोक्ताओं के खरीददारी करने के बदलते तरीकों के अनुसार स्वयं में परिवर्तन ला रहा है। भिलाई में आउटलेट सेक्टर 6 मार्केट पर स्थित है, जो कि सबसे अधिक व्यस्त मार्केटो में से एक है।

यह आउटलेट कस्टमर इंगेजमेंट ज़ोन्स के माध्यम से उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करता है। ट्यूपरवेयर प्रशंसकों की सभी पीढ़ियों को संलग्न करने और उत्साहित करने के लिए डिजाइन किया गया है, यहाँ ग्राहक खाना पकाने की तैयारी करने, खाना पकाने और अपनी रसोई सुनियोजित करने के लिए भी उत्पाद देख सकते हैं।

नगर निगम के संस्कृति विभाग ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

रायपुर (आरएनएस)। नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 52वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। तेलीबांधा रिंगरोड चौक के किनारे स्थित पंडित उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते हुए उन्हें आदरांजलि अर्पित की। इस

कार्यक्रम में नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष आकाश तिवारी, पार्षद मृत्युंजय दुबे, पूर्व पार्षद राधेश्याम विभार, सच्चिदानंद उपासने, राजीव अग्रवाल सहित नगर के अनेक लोग, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने पंडित उपाध्याय को प्रतिमा स्थल पर उनकी पुण्यतिथि पर नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

नक्सली घटनाओं की जांच में फॉरेंसिक साईंस के महत्व पर कार्यशाला का आयोजन

रायपुर। पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में आज यहां नक्सली घटना के जांच के मामलों पर फॉरेंसिक साईंस के महत्व पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस महानिदेशक श्री डीएम अवस्थी एवं गुजरात एंटीकरप्शन ब्यूरो के डायरेक्टर श्री केशव कुमार ने फॉरेंसिक साईंस की बारिकीयों से अवगत कराया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक और निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों को नक्सल प्रकरणों की जांच

में फॉरेंसिक साईंस के महत्व को बताया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीजीपी श्री अवस्थी ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को फॉरेंसिक साईंस का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। किसी भी जांच को फॉरेंसिक साईंस की सहायता से जल्दी सुलझाया जा सकता है। इसके साथ ही वैज्ञानिक तरीके तथ्यों को जुटाने से अपराधियों तक शीघ्र पहुंचा जा सकता है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि नक्सल प्रकरणों की जांच में भी फॉरेंसिक साईंस का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें।

एजेंट विश्वजीत भौमिक खिलाफ 5 करोड़ 4 लाख 15 हजार रू. की धोखाधड़ी मामले में ईओडब्ल्यू

एफआईआर दर्ज :-

रायपुर/बिलासपुर (आरएनएस)। विश्वजीत भौमिक एजेंट एवं अन्य बिलासपुर द्वारा बैंक से 5करोड़ 4लाख 15हजार रूपये निकालकर धोखाधड़ी कर बैंक आफ बड़ौदा राजकिशोर नगर बिलासपुर (छग) को आर्थिक नुकसान करने की शिकायत मिलने पर प्रथम दृष्टया अपराध घटित होना प्रमाणित होने के फलस्वरूप धारा-420, 467, 468, 171 भा.द.वि. के तहत् अपराध क्रमांक 04/2020 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आरोपी एजेंट विश्वजीत भौमिक एवं अन्य के द्वारा धोखाधड़ी करने के लिए फर्जी फर्म रजिस्ट्रेशन करवाया गया है जिसके माध्यम से वह लोगों को बैंक के माध्यम से लोन दिलाने का काम करता था। आरोपीगण द्वारा लोनधारकों एवं जमानतदारों के संज्ञान में लाये बिना ही उनके प्रापर्टी को बैंक में बंधक रखते हुए उसके एवज में बैंक से धोखा से लोन स्वीकृत कराकर स्वयं को अवैध आर्थिक लाभ पहुंचाया गया है। आरोपियों द्वारा 11 लोनधारकों/जमानतदारों के बैंक जमानतदारों की प्रापर्टी को बंधक रखकर 5 करोड़ 4लाख 15हजार रूपये का लोन लिया गया है। जांच के दौरान लोन धारकों और उनके जमानतदारों से चर्चा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि विश्वजीत भौमिक नामक एजेंट के द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जी फर्म बनाकर रजिस्ट्रेशन कराकर लोगों को गुमराह करके लोन दिलवाने के नाम पर उनकी प्रापर्टी

बैंक में बंधक रखवा दिया एवं उनसे बैंक लोन के दस्तावेजों में हस्ताक्षर करवाये और उनको जानकारी दिये बगैर बैंक से उपरोक्तानुसार फर्मो के नाम पर लोन ले लिया गया है। कुछ लोनधारकों/जमानतदारों ने बताया कि लोन प्रक्रिया के दौरान उन्हे कुछ रकम विश्वजीत भौमिक द्वारा दिया गया है। लोनधारकों/जमानतदारों द्वारा यह भी बताया गया कि विश्वजीत भौमिक ब्लैंक चेक बुक में हस्ताक्षर करवाकर पहले से रख लिया करता था। जिन लोनधारकों/जमानतदारों के नाम पर आरोपीगण लोन लेते थे उनके खाते में कुछ रकम खाते में छोड़ देता था जिससे किश्त/ब्याज की रकम आटोमेटिकली जमा होते रहे और बैंक को पता न चले।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फर्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU